पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

(राज्यपाल सूचना परिसर)

------

# राज्यपाल ने तेलंगाना राज्य के स्थापना दिवस पर दी हार्दिक शुभकामनाएं

------

लखनऊ : 01 जून, 2025

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने तेलंगाना राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर वहां के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल जी ने अपने बधाई संदेश में कहा कि तेलंगाना का स्थापना दिवस न केवल राज्य की ऐतिहासिक यात्रा का स्मरण कराता है, बल्कि यह उसकी समृद्ध सांस्कृतिक, सामाजिक और परंपरागत विरासत का भी प्रतीक है। यह दिन राज्य के लोगों की संघर्षशीलता और दृढ़ संकल्प को सम्मानित करने का अवसर प्रदान करता है।

राज्यपाल जी ने कहा कि आज तेलंगाना राज्य नवाचार, औद्योगिक प्रगति आदि क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। उन्होंने तेलंगाना की जनता के निरंतर विकास, सुख-समृद्धि और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

-----

दिलशाद अहमद-सूचना अधिकारी/राजभवन
9696185895

